SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SOME HON. MEMBERS: Sir, we also associate ourselves with the issue raised by the hon. Member.

MR. CHAIRMAN: Shri Rewati Raman Singh. ...*(Interruptions)*... I cannot go against the system and rules. ...*(Interruptions)*...

ऐसा नम्बर से होता नहीं, सब को ऐसे ही रोटेट होता है।

**Rotting of potato in Agra district of Uttar Pradesh**

**श्री रेवती रमन सिंह** (उत्तर प्रदेश): सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इतने महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। मान्यवर, अब की बार उत्तर प्रदेश में आलू का उत्पादन इतना ज्यादा हुआ है कि कोल्ड स्टोरेज में रखने के बाद भी किसानों को आज कोई लाभ नहीं मिल रहा है। अकेले आगरा में 250 कोल्ड स्टोरेज हैं और वहां पर आज पूरे उत्तर प्रदेश में 20 पैसे, 25 पैसे किलो आलू बिक रहा है। मान्यवर, ऐसी गंभीर स्थिति पैदा हो गई है कि किसान का आलू कोल्ड स्टोरेज में सड़ गया, किसान उसको उठाने नहीं आया। आज नया आलू बोया जा रहा है। मैं भारत सरकार से अपील करूंगा कि वह इसमें हस्तक्षेप करे और आलू की खरीददारी बड़े पैमाने पर कराए, जिससे किसानों को इस तरह से नुकसान न हो। मान्यवर, मैं एक और बात भी ध्यान में लाना चाहता हूं कि इसी तरह जब टमाटर पैदा होता है, वह भी 20 पैसे, 25 पैसे किलो बिकता है। आज बाजार में टमाटर का भाव देख लीजिए कि वह 50 रुपए, 60 रुपए किलो है। जब किसान के यहां पैदा होता है तो 25 पैसे किलो में आलू और टमाटर बिकता है। इसके लिए भारत सरकार को कोई कमीशन बनाना चाहिए।

**श्री किरनमय नन्दा** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं इस विषय से अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी इस विषय से अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

**श्री नरेश अग्रवाल** (उत्तर प्रदेश): महोदय, हम एसोसिएट कर रहे हैं। हमारा यह कहना है कि अगर किसानों की दुर्गती रही तो देश में बहुत बुरी स्थिति पैदा होगी और उत्तर प्रदेश तथा खास तौर से केन्द्र सरकार इसमें इंटरवीन करे।

**कुछ माननीय सदस्य** : महोदय, हम भी इस विषय से अपने आपको सम्बद्ध करते हैं।

**श्री सभापति**: ठीक है, धन्यवाद। सब लोग जिन्होंने हाथ उठाया, उन सबका नाम नोट करना चाहिए, इस तरफ और उस तरफ सभी तरफ से।

**Providing funds to SC/ST students in Tamil Nadu**

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN (Tamil Nadu): Sir, this is with regard